५. काव्यांजलि

काव्यांजलि

श्रीशारदाचिरविहारसुदिव्यगेहम्,

योगेश्वरं गुणनिधि करुणावतारं ।

अग्निकृतं च प्रथम - पथ - पुष्टि - पीठम्,

नमामि नित्यं श्री रणछोडलालम् ।

श्रीमदाद्यप्रथमगृहपरम्पराप्रवर्तकाचार्य वर्यगोस्वामिश्रीगिरिधरगुरूपादपीठपरम्प रोद्भ-वानेक सोमयागानुष्ठातृगोस्वामिश्रीवल्लभरायापरनामधेय श्रीरणछोडचार्य 'प्रथमेश' महाभागानां करकमलयोः सादरम् सप्रेमोपायनीक्रियते सोऽयं स्वागतसन्मानप्रसूनाञ्जलिस्तवकः

छन्द = सारंगः - मेनावली

श्री 'वैष्णवाम्नायसद्धर्मधौरेय'

सोमप्रयाजिन् सुमार्गप्रतिष्ठान ।

श्रीद्वारकेशात्मजाद्यप्रपीठेश

षष्ठेशसुप्रेष्ठ सद्वल्लभाख्यात ।।१।।

छन्दः शार्दूलविक्रीड़ितम्

यत्र स्वर्भिषगाश्विनेय सुभगक्षेत्रं पवित्रायते

यत्रोत्तुङ्गतरंगिताम्बुलहरी तापी च संस्यन्दते ।

यत्रास्ते हरिवक्त्रवल्लभविभोः स्वीयासिका वासिका

तस्मिन्सूर्यपुरे सदास्तु भवतां सुस्वागतं स्वागतम् ।।२।।

यत्र श्रीयदुनाथपादगुरुतः प्रवर्तितं विश्वगं

ज्ञानाढ्यं हरिभक्तिभूतिविभवं षष्ठं सुपीठं महत् ।

यस्मिन्प्रादुरभूद्गुरुर्व्रजवरः श्रीपौरुषेयोत्तम -

स्तस्मिन्सूर्यपुरे सदास्तु भवतां सुस्वागतं स्वागतम् ।।३।।

यत्रास्ते च महाप्रभुप्रकटितप्रेमामृतप्लावितं

रम्यं वैष्णवमानसोज्वलतरं सन्मानसाख्यं सरः ।

आनन्देन तरंगितं च वहुलं भावैक मुक्ताफलै -

स्तस्मिन् सूर्यपुरे सदास्तु भवतां सुस्वागतं स्वागतम् ।।४।।

भ्रात्रोरादिम षष्ठयोः सुमधुरं स्नेहं विदित्वा हितं

यत्राद्यावधि चाद्यपीठजनुषामाप्तोत्तमानां मुदा ।

सत्कारायसदोद्यताः सहृदयं श्रीषष्ठपीठस्थिता -

स्तस्मिन्सूर्यपुरे सदास्तु भवतां सुस्वागतं स्वागतम् ।।५।।

चिन्तन्नित्य नितान्ततान्तमनसां नोपान्तिको योगिनां

कान्तैकान्तविभावनात्तुभजतामेकान्तकान्तोऽन्तिकः ।

यस्तं नान्तनितान्तकान्तिकमनं श्रीबालकृष्णं पुनः
प्रेम्णा लालयितुं हि सूर्यपुरमायान्त्वस्तु सुस्वागतम् ।।६।।
स्वस्मिन्नेवहि यः कृपाभरतरैरुध्दस्तदैवावृतः
सैवाऽयं तु कृपाभरः प्रपतितो भक्तेषुयोनावृतः ।
भक्त्यन्तर्हित चेतसां हि नितरां योऽन्तर्हितो नान्तरे
तं चान्तर्दधतां सदा निजजनाः श्रीबालकृष्णं पुनः ।।७।।

छन्दः पुष्पिताग्राः

गिरिधर यदुनाथपादपद्मात्
प्रसरितरागपरागपांसुपुञ्जैः ।
स्नपयितुमखिलं हृदं स्वकीयं
शुभमिह मंगलमागतं भवेन्नः ।।८।।

छन्दः शार्दूलविक्रीडितं - युग्मम्

श्रीगोविन्द सुतत्रयेप्सिततमे ह्येषां विशिष्टाग्रहात्
षष्ठेशस्वपितामहस्य परमोत्साहात् समायोजिते ।
श्रीमच्छीथमेशतः किलमुदाऽनुष्ठीयमानेऽध्वरे
सोमाख्ये श्रुतिसंमते सुविहिते नारायणप्रीणने ।।९।।
सुस्नेहं स्वपितामहस्य च पितुर्गोविन्दरायप्रभो
भ्रात्रोश्चापिसुबालकृष्णहितकृत्कल्याणरायाख्ययोः
स्वीयान्तस्थमपिस्मरन् सुकुसुमैर्भावान्वितैरर्चति
(२०४२) नेत्राम्नायखदृङ्मितेऽब्दसमये श्रीवल्लभंवल्लभः ।।१०।।

गोस्वामी वल्लभराय जी

वन्दे महापुरुष ! ते चरणारविन्दम्

-पं. मदनलाल जोशी शास्त्री मन्दसौर (म. प्र.)

श्रीवल्लभान्वयविभूषितभूषिताङ्ग
सेव्यस्वकीयमथुरेशपदानुसक्त !
आचार्यवर्य्य वरद 'प्रथमेश' धीमन्,
वन्दे महापुरुष ! ते चरणारविन्दम् ।।१।।
विद्यानिधे विदितवाग्मि वरेण्य विज्ञ, पुष्टिप्रभा-प्रतिभया-प्रतिभासमान ।
लोकाभिराम सुकृतिन् 'रणछोडलाल', वन्दे महापुरुष ते चरणारविन्दम् ।।२।।
श्रीमन्महाप्रभुसमन्वित सोमयाजिन्, स्वीयौजसा सुतपसाऽऽत्मबलेन पुष्ट ।
धर्मप्रचारक विचारक विज्ञवर्य्य, वन्दे महापुरुष ! ते चरणाविन्दम् ।।३।।
तत्त्वार्थयुक्तमथनोत्कथनेप्रवीण, स्वाध्यायचिन्तन-परार्थ-सुकर्मलीन ।
संस्कार-संस्कृति-सुसंस्कृतसेवितात्मन्, वन्दे महापुरुष ! ते चरणारविन्दम् ।।४।।
कारुण्यपूर्ण करुणावरुणालयेश, शास्त्रार्थसिद्ध कृतविद्य सुपूज्यपाद ।
सच्छ्रद्धया प्रणतभक्तजनैः प्रणम्य, वन्दे महापुरुष ! ते चरणारविन्दम् ।।५।।
ये शास्त्रीयविवेचनेऽतिनिपुणाः विद्वत्सु वै विश्रुताः,
वैदुष्यप्रतिभोद्भवा शुचिमतिर्येषां समासीच्छुभा ।
न्यायव्याकरणादिशास्त्रनिरताः ये विद्वरैः सत्कृताः
वन्द्यास्ते प्रथमेशपूज्यचरणास्तेभ्योऽस्तु मे वन्दनम् ।।६।।
श्रीमद्वल्लभवंशभूषणमणिं गोस्वामिवर्य्य वरं
शुद्धाद्वैतदिवाकरप्रतिभया दीप्तं दयासागरम् ।
आचार्य रणछोडलालममलं लालित्यलीलामयं
वन्देऽहं प्रथमेश्वरं सुमनसा श्रद्धास्पदं सादरम् ।।७।।
पुष्टिमार्गोपदेष्टारमाचार्यकुलभूषणम् ।
गोस्वामिवर्य्य पूज्यं श्रीप्रथमेशं नमाम्यहम् ।।८।।

।। श्रीप्रथमेशाष्टकम् ।।

श्री वैकुण्ठलाल शंकरलाल भगत

पुष्टिप्रचारकार्यार्थमर्पितं येन जीवनम् ।
तमाचार्यवरं पूज्यं, प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।१।।

वैष्णवनायकं विज्ञं विशुद्धं विनयान्वितम् ।
विनम्रं विमलं वन्द्यं प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।२।।

परिषद्पुष्टिमार्गीया ख्यापिता येन भूतले ।
प्रचारप्रमुखं प्रज्ञं प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।३।।

सोमयज्ञस्य कर्तारं सोमयज्ञविधायकम् ।
सोमयज्ञस्य दृष्टारं प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।४।।

पुष्टिभक्तिप्रचारार्थं शिविराणां प्रयोजकम् ।
आर्यसंस्कारदातारं प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।५।।

सुविख्यातमपि सौम्यं सुशीलं सुभगं सदा ।
सुव्रतं सुनीतं सुज्ञं प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।६।।

दीक्षितं दीक्षकं दक्षं दिव्यदृष्टिप्रदायकम् ।
दयितं दक्षिणं दिव्यं प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।७।।

भक्तानुग्रहकर्तारं गोस्वामिकुलभास्करम् ।
मेधाविनं महोदारं प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।८।।

प्रथमेशाष्टकमिदं स्तोत्रं श्रीकृष्णप्रेरितम् ।
रचितं दासदासेन मथुरेश प्रसादतः ।।९।।

मंगलस्मरणाष्टकम्

श्री मधुसूदन शास्त्री सूरत

प्रथमेशः महात्यागी श्रीरणछोडलालसंज्ञकः ।
सुसिद्धान्तप्रवक्ता च, उत्साही ज्ञानवर्धकः ।।१।।

प्रथमेशं प्रथमं वन्दे भक्तिमुक्तिप्रदायकम् ।
परिषत्प्राणदातारं सोमयाजिं धर्मरक्षकम् ।।२।।

प्रथमेशेन सा परिषद् पुनः वेगवतीकृता ।
त्यागस्तत्रमहान् एव परिषद्प्रचारमाध्यमे ।।३।।

प्रथमेशाय नमस्कारं कृत्वा वै हि पुनः पुनः ।
परिषत्कार्यकर्तारः कार्यं कुर्वन्ति तत्पराः ।।४।।

प्रथमेशात् स्थापितोऽयं झाबुआ श्रेष्ठकल्पगः ।
स वै सोमयाजी च वैद्यराजो गुणी महान् ।।५।।

प्रथमेशस्य कार्याणि प्रशंसिताः महीतले ।
कार्यभारं सदाकर्तुं अहोरात्रं हि तत्पराः ।।६।।

प्रथमेशे लयो भवतु मम चितं तु सर्वदा ।
आज्ञां तेषां स्मृत्वैव कार्यं कर्तुं समुद्यतः ।।७।।

हे प्रथमेश स्मरामः त्वां पुष्टिमार्गप्रचारक ।
परिषत्कार्यं करिष्यामः जीवनान्ते वयं ध्रुवम् ।।८।।

प्रथमेशाष्टकमिदं यः पठिष्यति दिने दिने ।
पुष्टिमार्गे दृढासक्तिः भविष्यति सुनिश्चिता ।।९।।

सेवाभावः गुरोर्भावः भक्तिभावः दिने दिने ।
दृढासक्तिः भवेत् कृष्णे प्रथमेशाष्टक पाठतः ।।१०।।

।। अथ श्री प्रथमेशाष्टकम् ।।

श्री राधावल्लभ शास्त्री जतीपुरा

नमः परमकल्याण नमः परममङ्गल ।
नमो ब्रह्मण्यदेवाय प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।१।।

परावरं गतिज्ञाय सर्वाध्यक्षाय ते नमः ।
ज्ञानविज्ञाननिधये प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।२।।

ईप्सितार्थप्रदाता च महोदारचरित्रवान् ।
क लिकल्मषसंहर्ता प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।३।।

षड्गुणैश्वर्यसम्पन्नः सर्वशास्त्रार्थदर्शकः ।
सङ्गीतादिसदासक्तः प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।४।।

पुष्टिमार्गोक्तधर्मादिप्रकाशनपरायण ।
व्रजप्रियो व्रजासक्तः प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।५।।

श्रीभागवततत्त्वार्थज्ञाताज्ज्ञानपोषकः ।
सर्वविद्याप्रवीणश्च प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।६।।

सोमयागप्रतिष्ठाता स्वधर्मप्रतिपालकः ।
विश्वविख्यातकीर्तिश्च प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।७।।

अदेयवस्तुदाताच जगदानन्ददायकः ।
महाबुद्धिश्चक्रवर्ती प्रथमेशं नमाम्यहम् ।।८।।

प्रथमेशाष्टकमिदं यःपठेद्भक्तिवान्नरः ।
सर्वसिद्धिमवाप्नोति स याति परमां गतिम् ।।९।।

।। श्री प्रथमेशाष्टोत्तरशतनामावली ।।

श्री राधावल्लभ शास्त्री जतीपुरा

१ - श्री प्रथमपीठाधीश्वरायनमः । २ - श्री रणछोडलालमहाराजाय नमः
३ - श्री द्वारकेशात्मजाय नमः । ४ - श्रीकृ ष्णप्रियानन्दनाय नमः
५ - श्री सरोजनीवल्लभाय नमः । ६- श्री विठ्ठलनाथ (लालमणि) जनकाय नमः
७ - श्री मथुरेशसेवारसासक्ताय नमः । ८ - श्रीवालकृष्णसेवापरायणाय नमः
९ - अन्तर्राष्ट्रीयपुष्टिमार्गस्थापकाय नमः । १०- वेदमार्गरक्षकाय नमः
११ - पूर्णपुरुषोत्तमाय नमः । १२- परमानन्दविधये नमः ।
१३- ब्रह्मण्यदेवाय नमः १४- परमदयार्द्रहृदयाय नमः ।
१५- अग्निहोत्रादिकर्मकर्त्रेनमः । १६- जगद्गुरवे नमः
१७- पतिव्रतापतये नमः । १८- व्रजयात्राप्रवर्तकाय नमः ।
१९- करुणानिधये नमः । २०- अनेकसोमयज्ञकर्त्रे नमः ।
२१- अशरणशरणाय नमः । २२- सत्यव्रताय नमः ।
२३- सात्वतांपतये नमः । २४- सर्वाङ्गसुन्दराय नमः ।
२५- धर्मा चार्या य नमः । २६- परमादरणीयपदाम्बु जाय नमः ।
२६- अभ्दुतकर्मणे नमः । २८- सुमद्रश्रवसे नमः ।
२९- भक्तिमार्गप्रवर्तकाय नमः । ३०- कन्दर्पकोटिलावण्याय नमः ।
३१- अजिताय नमः । ३२- त्रिकालसन्ध्याकर्मकर्त्रे नमः ।
३३- ऊर्ध्वपुण्डधारकाय नमः । ३४- त्रितापविनाशकाय नमः ।
३५- मृदंगवाद्यप्रियाय नमः । ३६- सुसिद्धिफलदायकाय नमः ।
३७- अपारसुखदायकाय नमः। ३८- कलिदोषनिवारकाय नमः ।
३९- गोवंशरक्षकाय नमः । ४०- पीताम्वरधारिणे नमः ।
४१- अनन्तशक्तये नमः । ४२- महापुरुषाय नमः ।
४३- प्रणतपालाय नमः ४४- व्रजलीलाकर्त्रे नमः ।
४५- व्रजदर्शनोत्सुकाय नमः । ४६- राजीवलोचनाय नमः ।
४७- निखिलशास्त्रशिरोमणये नमः । ४८- व्रह्मवादनिरूपकाय नमः ।
४९- पतितपावनाय नमः ५०- स्वयंप्रकाशाय नमः ।
५१- यमत्रास-निवारकाय नमः । ५२ जितेन्द्रियाय नमः
५३- सन्मार्गदर्शकाय नमः। ५४- अखिलाशापूरकाय नमः ।
५५- फलरूपाय नमः ५६- भगवदवताराय नमः ।

५७-	सुयशसे नमः ।	५८-	महाविभूति पतये नमः
५९-	कृतदिग्विजयाय नमः ।	६०-	श्री मथुरेशमहोत्सवकारकाय नमः ।
६१-	मङ्गलमूर्तये नमः ।	६२-	पूतात्मने नमः ।
६३-	गोलोकाधिपतये नमः ।	६४-	वेदस्वरूपाय नमः ।
६५-	वीतरागाय नमः	६६-	भूमिक्लेशभारहराय नमः
६७-	धर्मरक्षकाय नमः ।	६८-	धन्वन्तरिस्वरूपाय नमः ।
६९-	जगत्तारणाय नमः ।	७०-	यज्ञपुरुषाय नमः ।
७१-	सर्वज्ञाय नमः ।	७२-	गर्वापहारकाय नमः।
७३-	कृपापूर्णाय नमः ।	७४-	लोकत्रयाश्रयाय नमः ।
७५-	महायज्वने नमः	७६-	पुण्यकीर्तये नमः ।
७७-	दिव्यस्वरूपाय नमः ।	७८-	सर्वमंगलदात्रे नमः
७९-	प्रदर्शितसदाचाराय नमः ।	८०-	अभयप्रदयाय नमः ।
८१-	सर्वेश्वर्यपूर्णाय नमः	८२-	भक्तहितोपदेशकाय नमः ।
८३-	अलौकिकपूर्णकायजनकाय नमः ।	८४-	स्वधर्मनिर्धारकाय नमः ।
८५-	अत्युदाराय नमः ।	८६-	विजितकन्दर्पाय नमः ।
८७-	सच्चिदानन्दाय नमः ।	८८-	निजजन - प्राणाय नमः
८९-	भक्तवत्सलाय नमः ।	९०-	गोस्वामिकुलकमलदिवाकराय नमः ।
९१-	गोपीजनवल्लभाय नमः	९२-	त्रिगुणाधिपतये नमः ।
९३-	शुद्धपुष्टिपतये नमः ।	९४-	सेवामार्गप्रदर्शकाय नमः ।
९५-	अलौकिक वन्दये नमः ।	९६-	भक्तदुःखविमोचकाय नमः ।
९७-	श्री गोवर्द्धननाथमहोत्सवकारकाय नमः ।	९८	सर्वान्तकरणज्ञाय नमः।
९९	श्रीवल्लभाधीशाय नमः।	१००	सेवकजनरक्षकाय नमः ।
१०१	विश्वोद्धरणदक्षाय नमः।	१०२	अग्निकुमाराय नमः ।
१०३	अस्मत्स्वामिने नमः ।	१०४	अतिप्रसन्नमुखारविन्दाय नमः ।
१०५	सर्वमंगलदायकाय नमः ।	१०६	आचार्यसिद्धान्तप्रवचनकर्त्रे नमः ।
१०७	वाक्सुधावृष्टिकर्त्रे नमः ।	१०८	अनेकधर्मग्रन्थभाष्यकर्त्रे नमः ।

इति श्री प्रथमेशस्य नाम्नामष्टोत्तरं शतम् ।

सर्वदा चिन्तनीयं हि सर्वचिन्तानिवृत्तये । ।

जन - जन के ह्रदय सम्राट

- श्री रघुनाथप्रसाद कटारा, कोटा

जन जन के ह्रदय - सम्राट, श्री प्रथमेश प्यारे थे ।

जेठ बदी पंचमी संवत् अट्ठासी कूँ,

ब्रज भूमि जतीपुरा में भूतल पर पधारे थे ।

चरण चिह्न से पूर्व सूचना पिता कूँ दई,

अलौकिक करतवन के करिवे वारे थे ।।

सोमयज्ञ कुम्भ स्नान फिर ते प्रारंभ करे,

आगर पधारि के हरिजन उध्दारे थे ।

परिषद के माध्यम ते वैष्णव संगठित करे,

जन-जन के ह्रदय-सम्राट, श्री प्रथमेश प्यारे थे ।। १ ।।

अर्जुन सम धीर वीर, व्यास सम गुणी ज्ञानी,

चाणक्य सम नीति, आप सभी कूँ वताय गये ।

क्षेत्रीय सम्मेलन और, संस्कार शिविर द्वारा,

संगठन करने की रीति, सिखाय गये ।।

अनेक ब्रज यात्रा करिके 'रघु', ब्रज को स्वरूप वतायो,

सोमयज्ञ कुंभस्नान, सव वैष्णवन कूँ कराय गये ।

जीवन भर संघर्ष करायो, कवहूँ न मानी हार,

देख जरा संधि कूँ, रणछोड़ रण-छोड़ गये ।। २ ।।

जय प्रथमेश

- श्री प्रभुदास वैरागी, नाथद्वारा

साम्प्रत भारत में अद्वितीय वल्लभ वंश,
अवतंस आचार्य प्रथमेश कहाते थे ।
वाणी में कला में, सत्कविता अरु कीर्तन में,
परम प्रभावी ह्वै, वे सर्वत्र सुहाते थे ।
फलते थे आशीर्वाद, मथुरेश की कृपा ते,
दुःखी दर्दियों के जो कष्ट भी मिटाते थे ।
दानी थे, ज्ञानी थे, अरु प्रचण्ड तेजस्वी बन,
संकल्प जो लेते थे, वही कर दिखाते थे ।।१।।

मथुराधिप कोटा के, अनन्य अनुरागी ह्वै ।
भारतमध्य पुष्टि का केतु फहराया था ।
विभिन्न संप्रदाय के आचार्य बीच जिनने,
सानन्द वल्लभ का जय निनाद गाया था ।
प्रत्येक कुंभ में विलक्षण व्यक्तित्व लिए,
सन्त महन्त सा पूर्ण, ठाठ दिखलाया था ।
सव दुःख भी भागे, सोये भाग जागे, जिनने,
प्रथमेश पाद पद्मों में, शीश को नमाया था ।।२।।

महाकुंभ मेले मध्य, अपना अखाड़ा लगा,
राजा सा शाही ठाठ, अव वतलावै कौन ?
विभिन्न साधु सन्तों में जिनकी अनोखी छटा,
वल्लभ की सवारी, अव दिखलावै कौन ?
प्रवचन पीयूष से, स्वागत को सींच सींच,
भगवत आनन्द की, यमुना वहावै कौन ?
सव शास्त्र पारंगत गुरु प्रथमेश विन,
पुष्टि सृष्टि में, अव रस वरसावै कौन ।।३।।

वल्लभ की सृष्टि, कृपामार्ग की धरोहर है,
घोर कलिकाल मँह, इसे बचा लीजिए ।
प्रचंड भौतिकता में, अध्यात्म दब सा रहा,
करुणा के सागर, त्वरित कृपा कीजिए ।
घर घर होवे पुष्टिमत का प्रचार अब,
वर देकर सर्वेश, थोड़ा तो पसीजिए ।
भक्ति के प्रकाश हेतु, पुष्टि के प्रकाश हेतु,
पुनः मथुरेश प्रथमेश भेज दीजिये ।।४।।

पूज्य गुरूचरणों में

श्री विनोद दीक्षित, गोवर्धन

दोहा

पुष्टि कमल के प्रकाशक मार्तण्ड रणछोड़ ।
जीवन गुन नही कहि सकत युक्ति अनेकन जोड़ ।।

सवैया

है सब में थिर जक्त कुटुम्ब में राज रुरंग सुवैभव पाई
भोग अनेकन आनँद दायक पोढ़न को परियंक सजाई
सन्मुख स्वारथ परम पदारथ जान अकारथ यो मन गाई
त्यागि इते सुख आनंद लगे रहे परिषद में रणछोड गुसाई

कीर्ति-गान

श्रीमती वासन्ती सोढ़ानी ग्वालियर

जयति प्रथमेश रस तरणि संभूत शुचि,
भक्ति पथ कंज मुकुलित अनूपम ।
धूम ध्वज जात पुनि पुष्टि पथ विस्तरन,
अभिनव वर प्रिय अद्‌भुत स्वरूपम् ।।
वाक् - पीयूष रस आर्द्र निज दक्ष करि,
निरस पाखंड भ्रमवाद - हरणम् ।
उच्छित ध्वज मालिनी वितान रति सरणि मंन्डि,
अक्षरांघ्रिजादि उद्धार-करणम् ।।
वेद-पथ-सीम- निर्धार निर्वाध गति,
बाँधि कर पुष्टि दृढ धर्मसेतुम् ।
पात्र सौभाग्य जन मोद कारण सुधा,
वर्त्म-रति फहर चढ़ि सानु केतुम् ।।
सर्व वर तंत्र स्व-तंत्र अतुलित उपाधि,
धर्म अध्यक्ष राज्याभिषेकम् ।
पढ़त बुध वेद ऋच जयति वर पत्र दे,
सुमन अभ्यर्चि कनकाभिषेकम् ।।
वल्लभ श्रीविट्ठल श्री गोकुल हरिराय पुनि,
पुरुषोत्तम द्वै समष्टि एक साजम् ।
नमत ब्रजरायवर धवल विग्रह समस्त,
जानि मथुरेश प्रिय गोद राजम् ।।
वाण त्रय नयन द्वै भोग आराध्य करि,
मूल 'वसु' श्रेय एकहि विचारम् ।
वनत सुन्वन् सुदीक्षि व्याज नाना सुकाज,
एक ही लक्ष्य पितु पथ प्रचारम् ।।

यह क्या हुआ ?

- श्री नारायण शास्त्री, कोटा

हुआ तिरोभाव एक विशाल ज्योति पुंज का,
पुष्टि के उद्‌दाम शिखर अति सुदृढ़ व्यक्तित्व का,
गगन की गरिमा सा विराट् था हृदय जिनका,
एक वस, वस एक वे ही भाव थे मथुरेश का ?
विकल जन जन विकल मन मन, व्यथित सारा जगं हुआ,
लोक सारे रो उठे प्रथमेश का जव लय हुआ,
कौन अव आधार है ? ध्वज पुष्टि का चिन्तित हुआ,
प्रथमेश लीला कर गये, यह क्या हुआ ?
यह क्या हुआ ?

'सुयश जग जान्यो हतो'

- श्रीमती वासंती सोढानी, ग्वालियर

शील यों सुधांशु शुचि, ओज मार्तंड इव,
उदधि गंभीर गुण, कविन यों वखान्यो हतो ।
पुष्टि ध्वज सुकर ले, पितृपथ प्रचार हित,
अथक श्रम लीनो, जीवनि प्रभोन्मुख आन्यो हतो ।।
सेवा निगूढ व्रज जननि निज जानि जिय,
सेव्य मथुरेश को, हृदय-व्रज लान्यो हतो ।
अतिशय प्रतापी अवतंस वंश वल्लभ को,
पूत प्रथमेश 'वसु' सुयश जग जान्यो हतो ।।

रोया हृदय मथुरेश का

- श्री नारायण शास्त्री, कोटा

ज्येष्ठ कृष्ण की पंचमी, गुरुवार की पावन घरी ।
उन्नीस सौ संवत् अठासी अवतरित प्रथमेश श्री ।
जतीपुरा में प्रकट हो, अवलोक व्रज की माधुरी ।
नगर कोटा में पधारे, पुष्टि ध्वजा जहाँ फरफरी ।।१।।

वहुत से विद्वान् शिक्षण कार्य करवाने लगे ।
मुख्य गोकुलदास मुखिया, भाव सरसाने लगे ।
खेल में ही वेद श्रुतियाँ, भागवत रस में पगे ।
और तब से वल्लभी- मत के प्रसारण में लगे ।।२।।

क्या सुघड़ व्यक्तित्व था ? कैसा मनोहर रूप था ?
गतिचरण की मत्त गज सी, श्रीमुखाम्बुज दिव्य था ।
दीर्घ तन पर पुष्टता का ललित वैभव भव्य था ।
दन्त अवली की प्रभा से हास्य गौरव युक्त था ।।३।।

एक अवसर पर सरस, मथुरेश ने लीला रची ।
छोड़कर कोटा, पधारे जतीपुरा, हलचल मची ।
बीस वर्षों बाद, प्रभु को पुनः आने की जँची ।
और इस नन्दग्राम कोटा में, विपुल खुशियाँ मची ।।४।।

धर्म के आचार्य, चिन्तक, क्रान्तिकारी थे महा ।
जिनके सुदृढ़ कर में सदा, उत्तुंग पुष्टिध्वज रहा ।
भाव-रस सिंचित हृदय से, भक्ति का सोता बहा ।
झोपड़ी से महल तक, वंचित न कोई नर रहा ।।५।।

आदिवासी क्षेत्र में सेवा विविध जिनने करी ।
पुष्टि श्री की स्थापना कर, नारियों में रुचि भरी ।
हरिजनों को नाम दीक्षा, दीन-जन विपदा हरी ।
व्रज-निकुंजों की अनेकों बार, यात्रा संचरी ।।६।।

वहुमुखी प्रतिभा भरी थी, श्री गुरुमहाराज में ।
तुरंत उत्तर तर्क मय, सुविशाल मति प्रति काज में ।
सोमयज्ञों के प्रकर्ता, निपुण अति संगीत में ।
मथुरेश को पलना झुलाते थे, यशोदा भाव में ।।७।।

कुंभ पर्वों पर सदा वल्लभ-नगर सजते रहे ।
और शुद्धाद्वैत पथ को पुष्टता देते रहे ।
गाय-रक्षा हेतु आन्दोलन विविध करते रहे ।
धर्म सम्मेलन सभाओं में वचन प्रेरक कहे ।।८।।

दृश्य छप्पन भोग के कैसे अलौकिक थे रहे ।
विविध तोरण द्वार, वन्दनवार, पथ कुसुमित रहे ।
देखकर अनुपम सवारी, भक्त जन फुल्लित रहे ।
नित्य श्री प्रथमेश, वचनामृत पिलाते ही रहे ।।९।।

जा विदेशों जिन्होंने कृष्णरस वितरित किया ।
शरण ले दैवी जनों को, ब्रह्म-सम्वन्धित किया ।
पुष्टिपथ की परिषदों को, विश्व भर में भर दिया ।
और परिषद विश्व हिन्दू को, सु-संरक्षण दिया ।।१०।।

धर्म के संस्कार-शिविरों की अनोखी ही छटा ।
जहाँ वैष्णवी आचार- संस्कृति की, वरसती है घटा ।
जिन जनों पर की कृपा, अज्ञान का कोहरा छटा ।
कृष्ण-सेवा मार्ग प्रचलित, वाद माया का मिटा ।।११।।

वीस का संवत् भयानक, साल छियालीस का ।
पौष की शुक्लाष्टमी, गुरुवार था चिरविरह का ।
रो उठा सारा जगत्, लख विलय श्री प्रथमेश का ।
रणछोड लीला कर गये, रोया हृदय मथुरेश का ।।१२।।

वैष्णवता के सच्चे रक्षक

- श्री नरेश कुमार पाठक (मुखिया) मुरैना

लुटसे गए सभी वैष्णव जन सूना कर सब देस विदेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गए क्यों श्री प्रथमेश ।।
स्त्रीशूद्र आदि के रक्षक जन जन के हे जीवन प्राण ।
अधम कुटिल जन जीव धरा पर कौन वनेगा इनका त्राण ।।
कौन करेगा देस विदेशों में पुष्टि पंथ का अव विस्तार ।
कौन करेगा इन समाज - परित्यक्त जनों का अव निस्तार ।।
पुष्टि शरीर जियेगा कैसे निकल गए जो तुम प्राणेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक ! चले गये क्यों श्री प्रथमेश ?
हे अनाथ के नाथ सुजन को शीतल थे ज्यों चंदन ।
दुष्ट दलन नरहरि सा था वपु जनरक्षक भृगुनन्दन ।।
धर्मसमन्वय के उपदेशक शुद्धाद्वैत प्रचार महान ।
सर्वोद्धारक रूप आप का लख न सके हम जन अज्ञान ।।
आए थे निज जन बटोरने पुनः कृपा कर खुद रासेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ? ।।
असमय हुआ अस्त रवि कैसे खिले पुष्टि का अब पाथोज ।।
सघन तिमिर आलोक हेतु अब कौन करे उस रवि की खोज ।।
रास रमण के दिन थे आयी रैन अभागी पावस की ।
हुए अस्त राकापति आयी सर्पिन रात अमावस की ।।
रास रमण सब रहा अधूरा असमय अस्त पुष्टि राकेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ?। । । ३ । ।
परिषद के संस्थापक व्यापक पुष्टि विश्व में किया प्रचार ।
कुंभ पर्व पावन में पावन वल्लभ नगर वसा विस्तार । ।
शंखनाद कर धर्म युद्ध की थमा गए हम सवको डोर ।
जरासंध कलि मत इठलाए चले गए जो अब रणछोड़ ।।
तुझे खवर क्या द्वारिकेश अव वने प्रथम थे जो मथुरेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ? । । ४ । ।
चले गए हैं आज द्वारिका भरतखंड के वासी ।
डरा रहा कलि दैत्य क्रूर हो सूने लख व्रजवासी । ।

रहना सजग सता मत हमको मुझे पूर्ण विश्वास ।
किसी वेष में आ कर देंगे इंगित से तव नाश ।।
वैष्णव साधु विप्र से डरना सुन ले काले कलि मगधेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश । । ५ ।।
छोड़ गए रण डरो न पाण्डव यज्ञारम्भन कर दो ।
पूजा अग्र हेतु सिंहासन कर प्रस्तावित धर दो । ।
कलि सहदेव तात के वन्दी रुदन करो फिर इतना ।
जैसे रोयी नरक वंदिनी द्रुपदि रुदन था जितना ।।
यज्ञहेतु फिर से प्रकटेंगे सह न सकेंगे सुजन कलेश ।।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ।। ६ । ।
'कर्मण्येवाधिकारस्ते' ब्रह्म कठिन मर्यादा थी ।
दीन हीन जन तरने को ना जाने कितनी वाधा थी । ।
कृपा पंथ फिर कृपा आपकी साधन शरण मंत्र का जाप ।
दुराराध्य को किया सुगम अति मेटे कठिन कोटि जन ताप । ।
जिससे डरता है जग सारा वह हरता लख वैष्णव वेष ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश । । ७ । ।
सरिता सिन्धु हिमाद्रि सका ना रोक कृपा की वरषा ।
वह होगा सच्चा दुर्भागी जो प्यासा सावन तरसा । ।
कृपा घटा कैसी वह वरषी सर ऊसर ना देखा ।
जिसने भी इक वार लखे भव पार करे स्मृति रेखा । ।
पाया कृपा - प्रसाद उसी का मिटा कठिन कलि पाप कलेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश । । ८ । ।
श्री प्रथमेश सोमयाजी का भौतिक वपु लीला विस्तार ।
आध्यात्मिक अधिदैव रूप से सदा करें निज जन विस्तार । ।
किन्तु अभाव कठिन दुख सहकर सुनो हमें जीना होगा ।
कालकूट असमय जो आया सुनो हमें पीना होगा । ।
कर्णधार परिषद नौका के नित लीला में हुए प्रवेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ।। ६ । ।
करो प्रतिज्ञा तन-मन-धन से पूर्ण करेंगे थाती ।
वैष्णव पढ़ो हृदय नयनों से गुरुवर की अंतिम पाती । ।
कहा गया है जिस में सवसे हे मेरे सेवक संतान ।

हम तो चले पास प्रभु के अव रखना पुष्टि सृष्टि का ध्यान ।।
मन वच कर्म लगा कर पालो निज गुरु का अंतिम आदेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ।। १० ।।
आया समय आज गुरु आज्ञा हमें सहर्ष निभानी है ।
द्वार द्वार घर - घर में जाकर पुष्टि ध्वजा फहरानी है ।।
प्रेम भाव स्नेह सरलता वैष्णवता का रूप महान ।
हो आचरण सुघर घर घर यह तब होगा पूरा गुरुज्ञान ।।
हो साकार सत्य गुरुवाणी तो आए फिर द्वापर देश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ।।११ ।।
ना जाने कितने जीवों का काल कर्म कलि मेटा ।
भूल न पाऊँगा मैं वह दिन मुझे कहा था 'वेटा' ।।
वह प्रयाग की याद आग अव रह रह हृदय जलाती ।
एक वर्ष वीता पर कल सी पावन स्मृति आती ।।
जो स्मृति थीं सुघर सजीली वे अब देतीं कठिन कलेश ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ।। १२ ।।
एक ओर था रास और इक राम चरित का अभिनय ।
दरस परस पावन थल गुरु का धर्म समन्वय परिचय ।।
वचनामृत का पान गान फिर पावन वाणी मुनि वर कीर ।
करते याद हृदय दुःख दृग जल लाता सुचि प्रयाग का नीर ।।
गंग दीप का वास दास यह कैसे भूले गुरुवर वेष ।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गये क्यों श्री प्रथमेश ।। १३ ।।
लक्षों का अभाव सहकर भी हुआ न उर का कुछ कम भाव ।
पुष्टि सृष्टि को दिया कहो क्यों हे गुरु यह असह्यतर घाव ।।
अखिलभूमण्डलाचार्य जगद्गुरू (श्री) रणछोडाचार्य सोमयाजी ।
हुए आज आसुर व्यामोही कलि के हाथ लगी बाजी ।।
मोहित होंगे असुर लोग ही नहीं हिलेंगे पुष्टि 'नरेश' ।।
वैष्णवता के सच्चे रक्षक चले गए क्यों श्री प्रथमेश ।। १४ ।।

बहुबार श्री प्रथमेश को लाना तुम्हें

- श्री नरेशकुमार पाठक, मुखिया, मुरैना

पुष्टि सृष्टि का अगर निस्तार करना है तुम्हें ।
तो प्रभु वहु बार श्री प्रथमेश को लाना तुम्हें । ।
ये किया क्या हाय माझी नाव सूनी छोड़ दी ।
खींच कर लाए थे कश्ती फिर भँवर में मोड़ दी ।
दौड़ कर आओ प्रभु जो फिर वचाना है तुम्हें ।
तो वहु वार श्री प्रथमेश को लाना तुम्हें । ।
क्यों उठा ली हाय कश्ती भव पार होना था हमें ।
अव कहां दरियादिली वह जो कहें अपनी गमें । ।
भेज दो फिर से उन्हें जो पार करना है तुम्हें ।
तो प्रभु वहु बार श्री प्रथमेश को लाना तुम्हें । ।
मानते हैं हर तरह दुर्भाग्य अपना हम सही ।
कर्म देखा जो हमारा तो कृपा फिर क्या रही । ।
इस कृपा पथ का सुघर परिचय दिलाना है तुम्हें ।
तो प्रभु वहु वार श्री प्रथमेश को लाना तुम्हें । ।
दीन हीनों के लिये फिर से वही उर प्यार हो ।
वार अवकी और श्री प्रथमेश का अवतार हो ।
है दया के धाम फिर आलोक दिखलाना तुम्हें ।
तो प्रभु वहु वार श्री प्रथमेश को लाना तुम्हें । ।

युग दृष्टा को विनम्र नमन

- श्री वसन्तकुमार सराफ, खिलचीपुर

काल चक्र की आंधी में,

एक दिव्य तेजपुंज लुप्त हो गया ।

प्रेरकविन्दु जगत का, विश्व का,

काल प्रवाह में वह गया । ।

अदेय दान प्रदान कर,

निश्छल हँसी वह चली गई ।

विगत समय की आज्ञा उनकी,

स्मृति पटल पर उभर गई । ।

उस दिव्य विभूति ने अरे !

अचानक किया नित्य लीला की ओर गमन ।

विदा ले चुके उन युगदृष्टा को,

अर्पित हमारा विनम्र नमन । ।

हम तो जिन्दा ही मर गये

हकीम श्री मोहनलाल मेहता फरीदाबाद

श्री प्रथमेश जी जी महाराज अपनी लीला कर गये,
यहाँ लाखों वैष्णव जिन्दा ही मर गये,
अन्तर्राष्ट्रीय पुष्टि मार्ग के आप जहाज थे,
प्रथम पीठाधीश, त्यागी थे, ज्ञानी थे, विद्वान लाजवाव थे,
हिन्दू सनातन धर्म के रक्षक थे, ताज थे । ।
अपने थोड़े से जीवन में क्या-क्या काम कर गये
प्रथमेश जी महाराज हम तो जिन्दा ही मर गये । ।१ । ।

पूरे भारतवर्ष में आप श्री का नाम था,
परिषद की सेवा करना ही प्रमुख काम था,
वैष्णवों के हृदय का वस तू ही श्याम था,
परिषद की सेवा करना ही वस तेरा आराम था,
इतनी विशाल परिषद का तुम काम कर गए
प्रथमेश जी महाराज हम तो जिन्दा ही मर गये । । २ । ।

श्री महाप्रभु जी गुसाई जी का स्वरूप आप थे,
दृढ़व्रती अपने धर्म पर मजवूत आप थे,
आचार्य थे स्वयं पुष्टि के स्वरूप आप थे,
सर्वगुणसंपन्न शांति के दूत आप थे ।
लाखों का आप कंठी व्रह्म संवन्ध कर गये,
प्रथमेश जी महाराज हम तो जिन्दा ही मर गये । ।३ । ।

भारत पर आपने उपकार किया है,
कितना सुन्दर आपने विचार दिया है ।
"श्री कृष्ण:शरणं मम" का विस्तार किया है,
वैष्णव पुष्टि धर्म का प्रचार किया है,

रणछोड़लालजी महाराज यह काम कर गये,
प्रथमेशजी महाराज हम तो जिन्दा ही मर गये ।।४।।

विश्व में सदा सदा तेरा नाम रहेगा,
प्रेरणा का स्रोत तेरा हर काम रहेगा,
सुबह रहेगा और हर शाम रहेगा,
"मोहन" तो सदा ही तेरा गुलाम रहेगा,
अपना नाम आप तो अमर ही कर गये,
प्रथमेशजी महाराज हम तो जिन्दा ही मर गये ।।५।।

प्रथमेश को लावे ?

- हकीम श्री मोहनलाल मेहता, फरीदाबाद

श्री रणछोड़लाल महाराज जी कहाँ गए हो नाथ ?
आप एक के जाने से हम लाखों हुए अनाथ ।
हम लाखों हुए अनाथ, छा गया घोर अंधेरा ।
दुख के वादल छा गये, देख के जाना तेरा ।
कैसे वँधाए धीर, मन को चैन न आवे ।
है कोई ऐसा वीर जो प्रथमेश को लावे ?

यज्ञकर्ता के प्रति

- श्री गोकुलेन्द्र शर्मा, बम्बई

श्रीवल्लभ और श्री विट्ठल की
श्री गिरिधर की परिपाटी पर
कितने संकल्प विकल्पों से
तुमने प्रतिपादत किये यज्ञ
सह सह कर लोगों के प्रहार
तप तप कर तप में कर विहार
यज्ञों का यह कठिन मार्ग
अपना कर सरल बनाता है
हे संकल्पों के दृढ़ प्रतिज्ञ
हे वैष्णवता के युग प्रतीक
तू प्रथमेश कहलाता है

*

अग्निष्टोम, अत्यग्निष्टोम,
उक्थ्य, षोडशी फिर अतिरात्र
पांच तरह के यज्ञों को
प्रतिपादित करके इस युग में
सप्त सोम की जड़ी लड़ी यह
वाजपेय, आप्तोर्याम की
करना है अब पूर्ण कड़ी यह
कलि के गहन अंधेरों में
जो सत के दीप जलाता है
वेदों के इन शुद्ध मंत्र से
कानों को सहलाता है
हे धर्म युद्ध के कर्म प्राण
तब तू प्रथमेश कहाता है

*

तूने जो मंत्र दिया जग को
इस यज्ञ भूमि के छत्र तले
तव अधर्म के अंधियारों में
कोटि धर्म के दीप जले
यज्ञों के इस धूम्र पान से
हुई पवित्र तपन तन की
वेदों के जय मंत्र घोष से
शुद्ध हुई भावना मन की
हुई कामना पूर्ण सभी की
मिटी लालसा जन जन की
तू स्वधर्म की रक्षा का
जव सवको पाठ पढ़ाता है
हे वैष्णवता के सूत्रधार
तव तू प्रथमेश कहाता है
*

तेरे इन कर्तव्यों से
है उपकृत सारा वतन
तेरी जय जयकार कर रहे
देश विदेशों में वैष्णव जन
करते हैं सव तुझ को अर्पन
लोग सभी अपना तन, मन, धन
स्मृत - विस्मृत यज्ञों कर्मों को
कलियुग में दोहराता है
वह मानव फिर उच्च कोटि के
इन्द्रासन को पाता है
यज्ञों के इस धूम्र स्नान में
जव सवको नहलाता है
हे वैष्णवता के प्रथम ईश
तव तू प्रथमेश कहाता है
*

अपने स्वधर्म की रक्षा को

अग्रणीय तुम रहे सदा
राजस्थानी धर्म क्षेत्र में
यज्ञों के इस कुरुक्षेत्र में
पुलकित यह वातावरण बना
सहकुटुम्व और गृहलक्ष्मी सह
हे प्रथमपीठ के कर्णधार
इस यज्ञभूमि पर आप सुशोभित
वैष्णवजन परिवेश वन्धु सह
हे वैष्णवजन के हृदय हार
जव करते हो आप्तोर्याम
तव''गोकुलेन्द्र'' करता प्रणाम ।

* ४०० वर्षों वाद यज्ञों की भूली विसरी परम्परा को पुनर्जाग्रत करने पर अभिनन्दन स्वरूप कविता कोटा सोमयज्ञ के अवसर पर

हम परम्परा का आदर करते हैं और आचार्यों पर मेरी श्रद्धा है. वैष्णवों पर भी निष्ठा है किन्तु संस्था पर मेरी अनन्य निष्ठा है. और इसी में सम्प्रदाय का हित और सेवा मानता हूँ.

—प्रथमेश

नरन में वीर सिंह

- बागरोदी बलदेव शर्मा, 'सत्य', जयपुर

रस के रसीले, प्रिय प्रभु को रिझाए खूब,
नरन में वीर सिंह, कला के निधान थे ।
छोटे वड़े काज सब, करने में अग्रणी
डर नहीं काहू सों भाषण प्रधान थे । ।

लाड़ किये दीन दु:खी, मानव समाज को,
सहज भाव सों, कीर्तन के निधान थे ।
गर्व नहीं कीनो कवौं, वैभव विभव होत,
ये ही रणछोड़लाल, पूज्य सत्य प्राण थे ।।

पुष्टिमर्मज्ञ सेवा सुख साधक थे,
कर्ण के समान दानी धीर वीर हो गये ।
हम सब देखत गोस्वामी रणछोड़लाल
व्रज की रस लीला में प्रवेश सद्य हो गये । ।

प्रथमेश प्रशस्ति

श्री अनंत गोकुल

पाये हैं प्राण प्रेष्ठ शुभ चिन्तन सौं
मोह निद्रा सौं देवी सृष्टि कौं जगाये हैं ।
गाये हैं गोपीजन वल्लभ के दिव्य गीत
भव्य भाव भूषण सौं प्रभु कौं सजाये हैं ।।
जाये हैं धन्य तिन दंपति सम्य संपति कौं
देश काल धर्म कर्म मर्म बतलाये हैं ।
लाये हैं लीला निधि पुष्टि पश प्रकाशन कौं
पंचम प्रमाण रूप प्रथमेश पाये हैं ।।
डंका वजाय सबकी शंका निर्मूल करीं
उज्ञवल आदर्श हर्ष पूरित हमेश कों ।
अदेय दान दक्ष के समक्ष पक्ष जीवन कौ
प्रस्तुत प्रस्ताव भाव मंजु मथुरेश कौं
अद्‌भुत आचार्य वर्य्य स्थापित कीर्तिमान
चर्चित युग दृष्टा स्त्रष्टा वैभव विशेष कौं ।।
निगमागम मूर्त्तिमान गुरुपद विराजमान्
अर्पित असीम अभिनन्दन प्रथमेश कौं ।।
कुमन सौं कुंभीपाक खाक करि डारे, प्यारे
शुचि सोमयज्ञन मध्य गर्जन सुख सर्जन हेतु
सेतु वेदवाणी कौ सुदृढ़ हमेश कौ ।।
क्षत्रपति मथुराधीश जन मन समायोभायौ
नीति निर्वाचन में विजयी लग्नेश कौ ।।
गर्वित कुतर्किन के विस्पारित नैंन देखि
वाल्लभमत पत्रन पे ठप्पा प्रथमेंश कौ ।।
काव्य कल कंचन की कलित कसौटी कम्य
अन्तर अनुराग राग मधुर बजावते ।
सेवा कौ संविधान संहिता मनोरथ की

वैदिक विश्व कोष कला कौमुदी सजावते
संवेदन शीलसत्य न्याय नीति निर्देशक
उपदेशक शुद्धाद्वैत दर्शन करावते
देवलक दैत्यन सौं सृष्टि कौं बचातौ कौन
जो पे प्रथमेश प्यारे भूतल न आवते ।।
विकृत विचारण सौं पाखंड प्रचारन सौं
शंकित समाचारन सौं सतत बचावते ।
अन्नकूट छप्पनभोग पर्व सर्व संपादित
प्रभु कौ प्रसाद खास रसमय लिवावते ।
वैश्वानर वल्लभ के मूलभूत तत्त्वन की
व्याख्या करि शोधि शोधि बोध को करावते ।।
विकट विवादन सौं होते दुःखी दैवीजन
जो पे प्रकट है कैं प्रथमेश जून आवते ।।

मैं यह नही देख सकता कि सम्प्रदाय का ह्रास होता जाय. इसके लिए हम सभी प्रकार से सन्नद्ध हैं.

—प्रथमेश

विट्ठलेश - प्रथमेश

संग्रहकर्त्ता - श्री सुरेन्द्र नारायणदास कोटेचा,- यू.के

पुष्टिमार्गनां परमधर्मनो मर्म समजाव्यो श्रीविट्ठलेश

सरल शुद्धाद्वैत - पथवोधक, वैश्वानरसुत श्री विट्ठलेश

भारतधर्मनां गूढ भावनो भंडार खोल्यो श्री प्रथमेश

परम पुनीत आचार्य-शिरोमणि समर्थ स्वामी श्री विट्ठलेश

मरदानगीनो मार्ग प्रकास्यो कायरताहारी श्री प्रथमेश

निर्गुण प्रेम भक्तिनो मोहुलो मुक्यो वरसतो श्री विट्ठलेश

गोविन्दगानी गृहस्थो कीधा कल्याणकारी श्री विट्ठलेश

श्री भागवत - गीता - गुणगानी वेद - पारंगत श्री प्रथमेश

देवाधिदेव यशोदानन्दन सेवक ने सोंप्या श्री विट्ठलेश

भावरूपात्मक भक्ति जीवन जगने जणाव्युं श्री प्रथमेश

स्नेहमार्ग जे सर्वोत्तम ते सुलभ कराव्यो श्री विट्ठलेश

सावध थई शरण थया जीव तेने साचव्या श्री प्रथमेश

वल्लभी वैष्णव सर्वे जगतनां सुखकर स्वामी श्री विट्ठलेश

पुष्टिमार्गनां परमधर्मनो मर्म समजाव्यो श्री प्रथमेश

हृदयोद्गार

वैद्य भगीरथ गुप्ता, बड़ी पोलाय, शाजापुर (म.प्र.)

श्री वल्लभ के वल्लभ श्री प्रथमेश,
श्री विट्ठलेश वंशज परिवार पधारे हैं ।
निःसाधन जीवों पर कृपा करके,
वल्लभ परिवार पधारे हैं ।।
अग्रज वल्लभ १५४६ चैत्र शुद्धेकम्,
अवन्तिका में पधारे हैं ।
पुरोहित नरोत्तम कर,
सांदीपन आश्रम पधारे हैं ।।
मायावाद का खण्डन कर,
शुद्धाद्वैत का प्रचार किया ।
श्री भागवत परायण कर,
शिव को विलक्षण दान दिया ।।
अश्वत्थ पत्र उड़ि आया सन्मुख,
महाप्रभु ने संध्या जल से सिंचन किया ।
क्षण में अक्षय वृक्ष प्रगट कर,
अवन्तिका को ऐश्वर्य दान दिया ।।
श्री प्रथमेश ने प्रथम संवत् २०२५ में,
श्री वल्लभ नगर बसाया ।
मेष, सूर्य, सिंह, गुरु में,
दश उच्च गृही कुंभ पर्व आया ।।
द्वितीय २०३७ संवत् में,
दिव्य दशक कुंभ पुनः आया ।
निःसाधन के साधन प्रभु ने,
कर कृपा सोम यज्ञ प्रगटाया ।।
गुप्त दिव्य सोमयज्ञ कर,
प्रगट रूप दिखलाया ।
विश्व से वैदिक यज्ञ प्रभु प्राकट्य का,
कर सेवा समझाया ।।
शुद्ध भक्ति शुद्धाद्वैत सिद्धान्त की,
ध्वजा को लहराया ।
पुष्टिमार्ग के विजय की विजय पताका,

को कुंभ पर्व में फहराया ।।
वैष्णव जन के तन मन धन को,
प्रभु सेवोपयोगी बनाया ।
तन-मन-गृह-दारा से प्रभु सुख पावें,
यह दृढ़ ज्ञान बताया ।।
पुष्टिमार्ग की वैष्णव परिषद को,
दृढ़ता का पाठ पढ़ाया ।
वैष्णव जन के भाव बढ़े,
स्नेह ऐक्य से विश्वास दृढ़ाया ।।
बाल शिविर स्थापन कर,
जन गण मन को प्रफुल्ल किया ।
त्रिकालाबाधित त्रिगुणातीत,
प्रभु सेवा में चित्त लगाया ।।
सेवा कथा का अलौकिक रस,
श्री वल्लभ परिवार ने बरसाया ।
भक्ति बढ़े भगवदीय जन से,
कर एकत्र रसपान कराया ।।
परिषद कल्पवृक्ष की शाखा को,
पल्लवित-पुष्पित-फलित किया ।
सब शाखा मिल दृढ़ संकल्प करें,
श्री वल्लभ नगर में यह सिखलाया ।।
सब राग-द्वेष-छल-कपट रहित हों,
वैष्णवों की सहानुभूति करें ।
अपने कर्तव्य का पालन हो,
यह सब मिल शुभेच्छा करें ।।
गुरु की कृपा नहीं कर्तव्य बिना,
सेवा की दृढ़ प्रतिज्ञा करें ।
गुप्त भागीरथ प्रयत्न करें,
अपने प्रण से कभी न टरें ।।
हरि गुरु वैष्णव ब्रज रज की,
सदा ही अभिलाषा करें ।
हम सब मिल थमावें,
शुभाशीष वल्लभ वंशज की प्राप्त करें ।।

('श्री वल्लभ स्वर' अगस्त १९८० से साभार)

युगलस्वरूप श्री प्रथमेश

सहयात्री

यात्रा निरन्तर : वाहनों में अन्तर

सेवकोऽहं ना चान्यथा

नि:स्साधन जीव ही भागवत्कृपा से स्वधर्म की रक्षा कर सकेंगे. मुझसे स्वधर्म का प्रचार संभव हुआ तो अपनी अंतिम स्वास तक स्वधर्म का कार्य करने के लिये तत्पर हूँ — "सेवकोऽहं न चान्यथा"

— प्रथमेश

आश्रय बल कहाँ गया

मेरी समझ में नहीं आता कि सभी का आश्रय बल कहां चला गया. महाप्रभुजी के स्वरूप को क्यों भुला दिया है.

— प्रथमेश